## खबर संक्षेप



### कैंप पार्क पहुंचकर मेयर ने किया औचक निरीक्षण

**यमुनानगर।** शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से मेयर सुमन बहमनी ने बुधवार सुबह वार्ड 17 स्थित कैंप पार्क का औचक निरीक्षण किया और सफाई कर्मचारियों की हाजिरी जांची। निरीक्षण के दौरान मेयर ने सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ कर्मचारियों की वर्दी, आईकार्ड और सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की। हाजिरी निरीक्षण के दौरान कुछ सफाई कर्मचारी बिना निर्धारित वर्दी और आईकार्ड के पाए गए। वहीं कुछ कर्मचारियों के पास सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। इस पर मेयर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और सफाई दरोगाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर निगम की व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार ही कार्य करना चाहिए।

### उपायुक्त ने अफसरों को दिए जिले को नशा मुक्त बनाने के निर्देश

# पहले तैयार करेंगे एक महीने का एक्शन प्लान, फिर करेंगे कार्रवाई

**पुलिस प्रशासन स्वास्थ्य, ड्रग्स, शिक्षा व खेल विभाग चलाएंगे अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि


जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त प्रीति की अध्यक्षता में जिला सचिवालय सभागार में एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिला को नशा मुक्त करना है। हरियाणा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में यह मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, ड्रग्स विभाग, शिक्षा विभाग व खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी अगले एक महीने का एक्शन प्लान तैयार कर समुचित कार्रवाई करें।

उपायुक्त ने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नशे का कारोबार करने वालों पर कठोर कार्रवाई अमल में लाए और ऐसे क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाए। जहां पर नशीले पदार्थ बिक्री किए जाते हैं। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा नशा करने वालों की पहचान करनी होगी ताकि हम नियमित रूप से उनका इलाज करवा सकें।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को जन जन तक पहुंचाया जाए तथा युवाओं को जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। जिसके उन्मूलन के लिए प्रशासन, पुलिस, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सामाजिक संगठनों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि सभी संबंधित विभाग तालमेल से नशे के विरुद्ध मुहिम चलाए तो अवश्य ही हम नशे जैसी बुराई पर काबू पा सकते हैं। यह सुनिश्चित करें कि जागरूकता शिविर में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता रखने वाले अनुभवी सलाहकार को बुलाया जाए। विशेषकर युवाए बच्चे नशे का शिकार हो रहे हैं। इसलिए नशे से दूर रहने के लिए विशेष अभियान चलाए। नशा करने से न केवल शरीर नष्ट होता है बल्कि नशे से घर परिवार भी बर्बाद हो जाते हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि कॉलेजों में प्रहरी क्लब बनाए जाएं ताकि नशे की रोकथाम की जा सकें। क्योंकि प्रहरी क्लब बहुत ही प्रभावशाली हैं। ऐसे क्लबों के माध्यम से हम युवाओं के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक कर सकते हैं।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर नगर निगम के कमिश्नर महावीर प्रसाद, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल व उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया आदि अधिकारी मौजूद थे।



## निर्मल हॉस्पिटल में लगा फ्री फाइब्रोस्कैन जांच शिविर

■ बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज, लिवर की करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

निर्मल हॉस्पिटल यमुनानगर में बुधवार को फ्री फाइब्रोस्कैन टेस्ट एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने लिवर की जांच करवाई। शिविर में चंडीगढ़ से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई।

डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शराब सेवन, गलत खानपान, मोटापा और डायबिटीज के कारण फैटी लिवर और अन्य लिवर रोग बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि फाइब्रोस्कैन एक आधुनिक जांच है, जिसके माध्यम से बिना किसी दर्द के लिवर में फैट और फाइब्रोसिस की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर इस जांच की कीमत लगभग 1500 रुपये से लेकर 4500 रुपये तक होती है, लेकिन लोगों की सुविधा और जागरूकता के उद्देश्य से यह जांच शिविर में निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि निर्मल हॉस्पिटल यमुनानगर में सांस एवं फेफड़ों से संबंधित रोगों के उपचार की सुविधा भी उपलब्ध है। फ्री मेडिकल कैम्प के दौरान मरीजों की सांस और दमा रोग संबंधी जांच की गई तथा परामर्श दिया गया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को लिवर एवं श्वास संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध करवाना है। उन्होंने हॉस्पिटल स्टाफ एवं चंडीगढ़ की मेडिकल टीम के सहयोग पर आभार जताया।




यमुनानगर। ज्योतिबा फुले कॉलेज के एनसीसी विद्यार्थी शिविर में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेनिंग कैंप में कैडेट्स ने सीखे अनुशासन एवं टीम भावना के गुण

रादौर। एनसीसी 14 हरियाणा बटालियन यमुनानगर की ओर से रामपुर हिमाचल प्रदेश में आयोजित सात दिवसीय ट्रेनिंग कैंप शिविर में ज्योतिबा फुले कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ.एसके सिंह के निर्देशन में नेशनल कैडेट कोर सीटीओ मंगल सिंह के संरक्षण में ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय से हिमांशु व आयुष ने ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लिया। ट्रेनिंग के दौरान उक्त विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि हमें इस कैंप में टीम भावना, अनुशासन एवं धैर्य जैसे महत्वपूर्ण मूल्य सीखने को मिले। ट्रेनिंग के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## कुरुक्षेत्र में आज होगा अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। कुरुक्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते प्रतिनिधि।

नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से जिन्दल ग्लोबल सिटी सैक्टर-29 कुरुक्षेत्र में वीरवार को नवीन अवसर अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह रादौर पहुंचे।

धर्मवीर ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव क्षेत्र के युवाओं को देश और विदेश में उपलब्ध रोजगार अवसरों से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह आयोजन सांसद नवीन जिन्दल के दूरदर्शी नेतृत्व, मार्गदर्शन व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के विजन के अनुरूप किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान परमजीत सिंह खेड़की ने महोत्सव के आयोजन के लिए सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र के युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रादौर क्षेत्र से भारी संख्या में अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव में शामिल होकर युवाओं को लाभान्वित कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर हेमराज कुंजल, हरभजन सिंह, सुरेश कुमार, तरुण चावला, सोनू सचदेवा, नरसिंह खेड़ी लक्खा सिंह, मेनपाल, मंगतराम जोगी, प्रीति लाल बकाना, रहतु राम, राकेश सैनी, भूषण मंगला आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी



### प्लेसमेंट की तैयारी को लेकर किया मार्गदर्शन

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज व जेएमआईईटीआई कॉलेज में टीसीएसए प्लेसमेंट ओरिएंटेड प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स विषय पर पांच दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए बेहतर रूप से तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित वर्कशॉप में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं एआईएमएल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संचालन देवाशीष डायरेक्टर, कोडरॉइडहब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को टीसीएस एवं अन्य प्रमुख आईटी कंपनियों की भर्ती प्रक्रिया, कोडिंग राउंड, तकनीकी इंटरव्यू व प्लेसमेंट की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी। वर्कशॉप के दौरान डेटा स्ट्रक्चर्स एंड एल्गोरिद्म लीटकोड पर प्रॉब्लम सॉल्विंग, कोडिंग स्किल्स को बेहतर बनाने की तकनीकों व तकनीकी इंटरव्यू की तैयारी पर विशेष फोकस किया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोग्रामिंग समस्याओं को प्रभावी तरीके से हल करने, ऑनलाइन असेसमेंट में बेहतर प्रदर्शन करने, अपनी लॉजिकल व एनालिटिकल थिंकिंग को मजबूत बनाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप के दौरान विद्यार्थियों को अपनी कोडिंग क्षमता बढ़ाने, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स विकसित करने तथा इंडस्ट्री की आवश्यकताओं को समझने का अवसर मिला। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल अकादमिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मजबूत प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स, डीएसए की अच्छी समझ व निरंतर अभ्यास ही सफल प्लेसमेंट की कुंजी हैं। वर्कशाप संचालन में डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ.उपासना सूद ने अपनी अहम भूमिका निभाई।



### योग प्रतियोगिता में जयदेव को मिला पहला स्थान

**यमुनानगर।** आयुष विभाग व खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के प्रत्येक ब्लॉक में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के लिए दो आयु वर्ग निर्धारित किए गए थे। जिनमें 10 से 18 वर्ष तथा 18 से 55 वर्ष के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्यासपुर ब्लॉक की प्रतियोगिता राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोटड़ा खास में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का संचालन आयुष विभाग के योग सहायक विकास कुमार एवं रवि कुमार तथा खेल विभाग के कुश्ती कोच अमित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने योग कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग पुरुष में जयदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि देवराज द्वितीय एवं तनिश तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही 18 से 55 वर्ष महिला वर्ग में मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा तनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 10 से 18 वर्ष महिला वर्ग में देविका प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा विजयता तृतीय स्थान पर रहीं। योग सहायक विकास कुमार एवं रवि कुमार ने विजेता एवं प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन एवं अनुशासन का भी आधार है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से नियमित रूप से योग अपनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

## नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का भाजपा कार्यालय में किया सम्मान

■ नई नियुक्तियां भाजपा के कर्मठ व जमीनी नेताओं का सम्मान : सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। यमुना कमल में बैठक को संबोधित करते राजेश सपरा।

भाजपा के जिला कार्यालय यमुना कमल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश सपरा ने की। बैठक में यमुनानगर के नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को सम्मानित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा और जनसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा जिला यमुनानगर से रादौर के पूर्व विधायक ईश्वर पलाका को हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग का चेयरमैन, भाजपा नेता भारत भूषण जुआल को हरियाणा कोऑपरेटिव अपेक्स बैंक का चेयरमैन व भाजपा नेता ओमपाल को डीएनटी बोर्ड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश नेतृत्व की अनुशंसा पर राज्य के महत्वपूर्ण बोर्डों, निगमों और अकादमियों में नए चेयरमैनों व अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने हरियाणा सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह नियुक्तियां भाजपा के उन कर्मठ और जमीनी नेताओं का सम्मान है। जिन्होंने संगठन को मजबूत करने में रात दिन एक किया है। सरकार का यह कदम राज्य में विकास कार्यों को और गति देने तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने में मील का पत्थर साबित होगा।

नवनियुक्त चेयरमैन ईश्वर पलाका, भारत भूषण जुआल और ओमपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हरियाणा एक, हरियाणवी एक के विजन को धरातल पर उतारने की पार्टी नेतृत्व ने हमें जो जिम्मेदारी दी है। हम उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे।




### भाषा कौशल विकसित करने की दी जानकारी

रादौर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में चल रहे भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भाषा कौशल विकसित करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हिंदी प्राध्यापक राकेश पांचाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्चुअल सिटी टूर एक ऐसी डिजिटल यात्रा है। जिसमें कंप्यूटरए मोबाइल अथवा इंटरनेट की सहायता से किसी शहर के प्रमुख स्थानों, ऐतिहासिक इमारतों, बाजारों, पार्कों तथा अन्य आकर्षणों को ऑनलाइन देखा और समझा जा सकता है। इसके माध्यम से बिना वहां जाए किसी भी शहर की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक शिक्षा को अधिक रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन संवाद अभ्यास के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली बातचीत का अभ्यास करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थी अभिवादन करना, अपना परिचय देना, रास्ता पूछना, खरीदारी करना, सहायता मांगना, फोन पर बातचीत करना व विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से संवाद करना सीखते हैं। इस प्रकार के अभ्यास विद्यार्थियों के आत्मविश्वास व भाषा दक्षता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया व भाषा सीखने के नए तरीकों को समझा। इस अवसर पर सुरेश वर्मा, रजनी देवी, प्रवीण कुमार व रीना आदि उपस्थित रहे।

### अवैध जल कनेक्शनों पर कसा शिकंजा

**यमुनानगर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता कँवर सन्नी सिंह ने गांव सारण, ऊँचा चांदना और तलापुर में विभिन्न अवैध जल कनेक्शनों पर कार्रवाई की। सन्नी सिंह ने बताया कि विभागीय जांच में पाया कि कई स्थानों पर पेयजल कनेक्शनों का उपयोग खेती और खाली प्लॉटों में किया जा रहा था। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विभाग ने कुछ दिन पहले पंचायतों के माध्यम से लोगों को अवैध कनेक्शन स्वयं हटाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद कई लोगों ने अपने अवैध कनेक्शन बंद कर दिए थे। बुधवार को कनिष्ठ अभियंता वीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने अवैध कनेक्शन काट दिए। मौके पर उपमंडल अभियंता कँवर सन्नी सिंह ने लोगों से अपील की कि जनहित में पानी को व्यर्थ न बहाएं, अवैध कनेक्शन की सूचना विभाग को दें। उन्होंने कहा कि पानी बचाओ जीवन बचाओ अमल में लाया जाए।

### उपायुक्त ने मंडी चेयरमैन और सचिवों के साथ की बैठक

# अनाज मंडियों में साफ-सफाई के टेंडर जल्द लगाने के निर्देश

**अनाज मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने को किया निर्देशित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी व मार्केट कमेटी चेयरमैन। फोटो : हरिभूमि

जिले की अनाज मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मंडी चेयरमैन व सचिवों के साथ बैठक की। जिसमें अधिकारियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि बरसात के दिनों में मंडियों में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए समय रहते सभी मंडियों में साफ. सफाई, पानी की निकासी, सीवरेज, शौचालय एवं विशेष सुविधाओं को पूरा करना सुनिश्चित करें। बरसात के दिनों में सबसे अधिक समस्या पानी की निकासी की होती है। इसलिए समय से पहले नालियों एवं नालों की सफाई अवश्य करवा दें। उन्होंने कहा कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करें तथा समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

बैठक में मंडी सचिवों ने उपायुक्त के समक्ष मंडियों में आवश्यक सुविधाओं को लेकर बातचीत की और मंडी में होने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त ने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ. सफाई व अन्य कार्यों के टैंडर जल्द से जल्द लगाए जाए ताकि बरसात से पहले-पहले कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि यदि कोई ठेकेदार ठीक प्रकार से कार्य नहीं करता है। उसके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

उन्होंने संबंधित उप मंडलाधीशों को भी निर्देश दिए कि वह समय-समय पर अनाज मंडी का निरीक्षण अवश्यक करें और यह सुनिश्चित करें कि मंडी परिसर में साफ. सफाई व पानी निकासी जैसी समस्याओं का निदान ठीक प्रकार से हो रहा या नहीं। उन्होंने कहा कि सीजन के समय अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था करवना भी सुनिश्चित करें ताकि अनाज मंडी में आने जाने वाले किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों से तालमेल करके मंडी परिसर में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाएं और जो कार्य अधूरे हैं। उन्हें संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में अवश्यक लाए।

**बैठक में ये हुए शामिल**

बैठक में जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, मार्किट कमेटी रादौर के चेयरमैन रूपिंद्र सिंह, मार्किट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन राकेश त्यागी, विपूल गोयल, मार्किट कमेटी साढौरा के नवीन भसीन, मार्किट कमेटी व्यासपुर के विपिन सिंगला, मार्किट कमेटी छछरौली कैलाश चन्द शर्मा आदि मौजूद थे।

